आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 16.08.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- उत्तरकाशी जिले के आपदा प्रभावित धराली में सभी व्यवस्थाओं को बहाल करने के प्रयास जारी।
- बर्ड फ्लू को लेकर नैनीताल जिले में वन विभाग विशेष सतर्कता बरत रहा है।
- प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में ग्रामोत्थान परियोजना सहायक सिद्ध हो रही है।
- राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज भारी बारिश की चेतावनी।

धराली

उत्तरकाशी जिले के आपदा प्रभावित धराली में सभी मूलभूत व्यवस्थाओं को बहाल करने के प्रयास लगातार जारी हैं। प्रभावित परिवारों को आवश्यक खाद्य सामग्री और रोजमर्रा दैनिक उपयोग की वस्तुओं का वितरण निरंतर किया जा रहा। वहीं, धराली सहित सीमांत क्षेत्र के अन्य गांवों के लोगों को राहत पहुंचाने के लिये राज्य सरकार द्वारा संचालित हेली सेवाएं लाभदायक सिद्ध हो रही हैं। अब तक 10 गर्भवती महिलाओं को आपदा प्रभावित क्षेत्रों से हेली सेवाओं के जरिए जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी लाया गया, जिसमें से सात महिलाओं को प्राथमिक जांच, उपचार के बाद डिस्चार्ज किया गया और तीन गर्भवती महिलाओं को उपचार के लिए भर्ती किया गया है। इस बीच, कल भी आपदा प्रभावित क्षेत्र से गंभीर रूप से बीमार दो मरीजों और एक गर्भवती महिला को हेलीकॉप्टर के माध्यम से जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी भेजा गया।

बर्ड फ्लू सतर्कता

उत्तर प्रदेश में बर्ड फ्लू की दस्तक के बाद नैनीताल जिले में तराई के जंगलों में पक्षियों की मौत के बाद वन विभाग पूरी तरह अलर्ट है। तराई पूर्वी वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी ने बताया कि पिछले दिनों गौला रेंज में बगुला प्रजाति के कुछ मृत पक्षियों के सैंपल को बरेली लैब भेजा गया है। जांच रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा की इन पक्षियों की बर्ड फ्लू या अन्य बीमारी से मौत हुई है। उन्होंने बताया कि जंगल का पारिस्थितिक संतुलन न बिगड़े, इसको देखते हुए जंगलों के आस—पास आबादी वाले क्षेत्रों की निगरानी बढ़ा दी गई है।
उधर, नैनीताल वन प्रभाग की झीलों और नैनीताल—जू में भी पक्षियों की विशेष देख—रेख की जा रही है। प्रभागीय वनाधिकारी चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि जू में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

<u>जन्माष्टमी</u>

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। एक संदेश में राज्यपाल ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन और उनके उपदेश हमें सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पर्व सभी के जीवन में प्रेम, शांति और सद्भाव का संचार करेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि भगवान श्री कृष्ण का जीवन संपूर्ण मानव जाति को अधर्म, अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण के जीवन चरित्र और संदेशों से हमें सत्य, प्रेम, त्याग, शांति, सेवा भाव और सद्भावना की भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने प्रदेशवासियों से भगवान श्री कृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में प्रेम, भाईचारे व समरसता की भावना को बढ़ावा देकर प्रदेश के विकास में भागीदार बनने का भी आहवान किया।

<u>ग्रामोत्थान परियोजना</u>

प्रदेश में ग्रामोत्थान परियोजना, ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है। इसकी मदद से चम्पावत जिले के छोटे से गाँव–चौड़ासेठी की रहने वाली सुनीता सेठी, ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं। कभी सीमित साधनों और संसाधनों के कारण अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में संघर्ष करने वाली सुनीता ने ग्रामोत्थान परियोजना–रीप की मदद से न सिर्फ अपने व्यवसाय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया, बल्कि अपने गाँव में महिला उद्यमिता की एक नई पहचान भी बनाई। स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य, सुनीता सेठी को कपड़ों और कॉस्मेटिक उत्पादों का व्यवसाय करने का जुनून था। अपने परिवार की आय बढ़ाने के लिए उन्होंने गाँव में एक छोटी सी दुकान खोली, लेकिन पूंजी की कमी और व्यावसायिक मार्गदर्शन के अभाव में उनका व्यवसाय सीमित दायरे में ही रह गया। इसी दौरान उन्हें ग्रामोत्थान परियोजना के बारे में जानकारी मिली। परियोजना की टीम ने चौड़ासेठी गाँव में बैठकें आयोजित कीं और महिलाओं को लघु उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। सुनीता ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपनी दुकान के विस्तार इच्छा जताई। परियोजना के अंतर्गत सुनीता का भौतिक सत्यापन कर सभी दस्तावेज मानकों के अनुसार तैयार किए गए और उन्हें कुल तीन लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई, जिसमें 30 प्रतिशत अनुदान, 50 प्रतिशत बैंक ऋण और 20 फीसदी उनका खुद का योगदान शामिल था। इस सहयोग से उन्होंने अपनी दुकान का विस्तार करते हुए लेडीज़ कपड़ों के साथ ही कॉस्मेटिक उत्पादों की एक बड़ी रेंज उपलब्ध करानी शुरू की। उचित दरों पर अधिक और बेहतर सामान मिलने से उनके ग्राहकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई। आज, सुनीता प्रतिमाह 10 से 12 हजार की आय अर्जित कर रही हैं। इस अतिरिक्त आय से न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि बच्चों की शिक्षा और घरेलू सुविधाओं में भी सुधार आया है। उनका कहना है कि ग्रामोत्थान परियोजना ने उनके जीवन को नई दिशा दी है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई महिलाएँ हुनर और इच्छाशक्ति तो रखती हैं, लेकिन आर्थिक संसाधन और मार्गदर्शन के अभाव में उनका सपना अधूरा रह जाता है। इस तरह की योजनाएँ महिलाओं को न सिर्फ आर्थिक रूप से मजबूत करती हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन का मार्ग भी प्रशस्त करती हैं।

## जल जीवन मिशन

केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी जल जीवन मिशन योजना प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में वरदान साबित हो रही है। इसी क्रम में चमोली जिले में योजना के तहत प्रस्तावित एक हजार 241 कार्यों में से एक हजार 134 कार्य पूरे कर लिए गए हैं। जबकि, एक हजार 113 गांवो में इस योजना के तहत निर्माण कार्य कराए जा रहा है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि इन कार्यों में से 75 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरे हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत हो रहे निर्माण कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है।

## मौसम

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। देहरादून, बागेश्वर और नैनीताल जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़, चम्पावत और पौड़ी जिलों में कहीं–कहीं तेज बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश और भूस्खलन से तीन राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 148 सड़कें बंद हैं। इस बीच, राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के कुछ अन्य जिलों में सुबह से रुक–रुक कर बारिश हो रही है।